युवा प्रभाग - दिव्य दर्पण
अप्रैल, 2020 मास के पुरुषार्थ की पॉइंट्स

अप्रैल मास का चार्ट:
लक्ष्य: पास विथ ऑनर (Pass with Honour) बनने का अंतिम अवसर .

परम शिक्षक शिव बाबा ज्ञान सागर की हम आत्माएं स्टूडेंट्स हैं. बाबा ने हम बच्चों को स्वयं का, परमात्मा का और इस सृष्टि चक्र का ज्ञान देकर समझदार बनाया और राजयोग की शिक्षा देकर शक्तिशाली बनाया. अब समय आ गया है जब हम अपने परम शिक्षक की शिक्षाओं का साकार स्वरूप बन उनका नाम बाला करें. हमें हर परिस्थिति में Pass होना है, बाबा के निरंतर पास रहना है और बीती हुई हर बात को पास कर पूर्णविराम लगाना है. तब ही हम पास विथ ऑनर बन संसार के सामने प्रत्यक्ष होंगे.

तो आईये, हमारे परम शिक्षक को भी हमारे पर नाज़ हो ऐसे **पास विथ ऑनर बन** उनका नाम संसार में रोशन करे.

सप्ताह	**दिव्य दर्पण का पुरूषार्थ**
पहला	निरंतर बाबा के पास रहना है.
दूसरा	बीती हुई हर बात को पास कर बिंदी लगाना है.
तीसरा	हर परिस्थिति में Pass होना है.
चौथा	पास विथ ऑनर बनना है.

हर सप्ताह का जो लक्ष्य दिया है उसका अभ्यास एवं चिंतन करना है. उस पर कम से कम 10 लाइन्स में अनुभव लिखना है. रोज रात को चेक करना है कि हम कितना % पास बने.

- **विशेष Activity: मास के हर रविवार को सभी युवा एवं दिव्य दर्पण चार्ट भरने वाले भाई-बहनों का वर्कशॉप रखें. जिसमें ग्रुप बनाकर उन्हें निम्नलिखित प्रश्नों पर विचार विमर्श कराएं: (एक रविवार का सेम्पल)**
    1. पास विथ ऑनर अर्थात क्या?
    2. पास विथ ऑनर बनने के लिए कौनसी धारणाएं चाहिए?
    3. पास विथ ऑनर आत्माओं की विशेषताएं?
    4. Action Plan बनाएं.

- **फ्रेम बुक में ऊपर चार पंक्तियों में निम्नलिखित बिंदु लिखकर उसका परिणाम प्रतिदिन रात को सोने से पहले लिखें:**
  1. गुड मॉर्निंग - 3.30 2. अमृतवेला–3.30 से 4.45 3. व्यायाम/पैदल-हाँजी 4..ट्रैफिक कंट्रोल - 5 5. मुरली क्लास - क्लास में सुनी 6. अव्यक्त मुरली पढ़ी? हाँ 7. नुमाशाम का योग-हाँ जी 8. स्वमान की स्मृति-बहुत अच्छी 9. पास - 80% 10. गुड नाईट - रात्रि - 10.30

- **इस मास हम विशेष निम्नलिखित दो मर्यादाओं का कंगन बांधेंगे:**
  - दिन में 4 घंटा योगाभ्यास करेंगे.
  - कर्म करते कर्मयोगी बनकर करेंगे.

- **अभ्यास:** हर घंटे एक मिनट के लिए बाबा के पास जाकर बाबा से विजय तिलक लेकर आना है.

- **दिव्य दर्पण के विशेष अभ्यास के साथ-साथ फ्रेम बुक में आज की मुरली के पश्चात् कम से कम 21 बार आज का स्वमान लिखना है या चिंतन कर 10 पॉइंट्स लिखनी है एवं कोई अनुभव हुआ हो तो वह जरुर लिखें.**

सप्ताह	**स्वमान**
पहला	मैं आत्मा पिता स्नेही हूँ.
दूसरा	मैं आत्मा बीती को बिंदी लगाने वाला हूँ.
तीसरा	मैं आत्मा विजयी हूँ.
चौथा	मैं आत्मा पास विथ ऑनर हूँ.

Phone No: (079) 26444415, 26460944 Email: bkyouthwing@gmail.com Website: www.bkyouth.org